गढ़वाल में कृषि तथा सिंचाई व्यवस्था पर भूकम्प का प्रभाव

4074. **श्री शांति त्यागी :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गढवाल में भूकम्प से कृषि तथा सिंचाई व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ा है तथा वहां बहुत बड़ी दरारें पड़ गई है तथा सिंचाई की नहरें तथा कुंएं आदि नष्ट हो गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों का कोई सर्वेक्षण किया है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कृषि भूमि को पुनः सही रूप में लाने तथा वहां खेती आरंभ कराने के लिए सरकार द्वारा बनाई गयी योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) से (ग) राज्य सरकार से ब्यौरे का पता लगाया जा रहा है ।

दुग्ध क्रांति कार्यक्रम

4075. **श्री लक्खीराम अग्रवाल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने "दूध क्रांति कार्यक्रम" की समीक्षा की है; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार मध्य प्रदेश में उपरोक्त कार्यक्रम के अधीन दुग्ध संघों द्वारा उठाये गये घाटों को पूरा करने का विचार रखती हैं; यदि हां, तो इस प्रावधान का ब्यौरा क्या है ;

(ग) सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मध्यप्रदेश दूध दुग्ध संघों द्वारा उठाये गये घाटे को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान दुग्ध संघों के घाटों को पूरा करने के लिए प्रति पूर्ति की कितनी धनराशि दिए जाने का विचार है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) आपरेशन फ्लड–3 की प्रगति की मानिटरिंग इसी प्रयोजन के लिए गठित एक संचालन समिति द्वारा की जा रही है ।

(ख) से (घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना (1990–95) के निरूपण हेतु पशुपालन और डेरी पर कार्य दल ने राज्यों में डेरी सहकारिताओं की पिछली संचित हानि को बट्टे खाते में डालने के लिए एक नई केन्द्रीय प्रायोजित योजना हेतु 200/– करोड़ रुपए के एक परिव्यय की सिफारिश की थी । यह योजना आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) में शामिल करने हेतु प्रस्तावित की गई है तथा मध्य प्रदेश राज्य भी इसमें शामिल हैं ।

Withdrawal of Subsidies from fertilizers, Electricity etc.

4076. SHRI SURENDRA SINGH THAKUR: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have withdrawn subsidies from fertilizers, electricity etc. given to the farmers;

(b) if reply to part (a) be in affirmative, what steps Government have taken to protect the farmers from economic disasters;

(c) whether Government propose to take steps to provide protection to the farmers from exploitation of the middleman grain merchants during harvesting season;

(d) if so, the manner in which Government propose to tackle the problem;